-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 29.10.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **साइबर अपराधों पर कार्यवाही करते हुए बांदा पुलिस द्वारा साइबर ठगी का शिकार हुए 03 व्यक्तियों के ₹ 6.57 लाख कराये गये वापस।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में साइबर अपराधों की रोकथाम तथा साइबर अपराधों से बचाव के प्रति लोगों को जागरुक करने के उद्देश्य से की जा रही कार्यवाही के क्रम में साइबर क्राइम पुलिस थाना की टीम द्वारा साइबर ठगी का शिकार हुए 03 व्यक्तियों के **₹ 657389**/ वापस कराये गये। गौरतलब हो कि 1-थाना नरैनी क्षेत्र ग्राम खरोंच के रहने वाले अखिलेश कोरी कि किसी अज्ञात साइबर ठगों द्वारा धोखे से उसके खाते की जानकारी करके 40 हजार रुपये 2- थाना कोतवाली देहात क्षेत्र की रहने वाली मयंका पाण्डेय कि किसी अज्ञात साइबर ठगों द्वारा धोखे से उसके खाते की जानकारी करके 45 हजार रुपये व 3- थाना गिरवां क्षेत्र के रहने वाले राजेश कुमार गुप्ता कि किसी अज्ञात साइबर ठगों द्वारा लोन दिलाने के नाम पर धोखे से उनके खाते की जानकारी करके 5 लाख 72 हजार 389 रुपये की साइबर ठगी का शिकार होने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया गया था। इस सम्बन्ध में साइबर क्राइम पुलिस थाना की टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए पीड़ितों की **कुल 06 लाख 57 हजार 389 रुपये** की धनराशि वापस कराई गई।

साइबर क्राइम पुलिस थाना टीम-

1. प्र0नि0 साइबर क्राइम पुलिस थाना श्री ओम प्रकाश यादव
2. आरक्षी अंकित सिंह
3. महिला आरक्षी ज्योति उपाध्याय

➢ **सभी से अपील है कि पिन, ओटीपी आदि किसी से शेयर न करें तथा किसी अनजान लिंक को ओपेन न करें। यदि किसी के साथ साइबर ठगी होती है तो इसकी शिकायत तत्काल साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 या नजदीकी थाने में करें।**